19. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। इसके द्वारा भाषा में अनोखापन आ जाता है। लोकोक्तियाँ लोक में प्रचलित तथा लोक अनुभव पर आधारित उक्तियाँ या कथन होते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को मुहावरों का अर्थ समझाएँ।
- ❖ पृष्ठ 121 पर दिया मुहावरे का उदाहरण पढ़ें और उसमें प्रयोग मुहावरा पेट में चूहे कूदना का अर्थ बताएँ।
- ❖ छात्रों से इस मुहावरे का कोई अन्य वाक्य प्रयोग करने को कहें।
- ❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 121-124 पर दिए मुहावरे, अर्थ तथा वाक्य प्रयोग पढ़वाएँ।
- ❖ लोकोक्ति का अर्थ समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 124-125 पर दी लोकोक्तियों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी छात्रों को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ सुनिश्चित करें छात्र पाठ विषय समझ पा रहे हैं।
- ❖ छात्रों से कुछ अन्य मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ पूछें जो वे अपनी बातचीत में प्रयोग में लाते हैं।
- ❖ छात्रों द्वारा किए अभ्यास जाँचें।